विषमता का विषाणु

डेवॉस इंडिया सप्लीमैंट 2021

पिछली शताब्दी के सबसे बड़े जन स्वास्थ्य के संकट के रूप में कोरोना वायरस की महामारी प्रकट हुई हे। इससे इतना बड़ा आर्थिक संकट उत्पन्न हुआ है जिसकी तुलना केवल वर्ष 1930 की ग्रेट डिप्रेशन या बहुत बड़ी मंदी से की जा सकती है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार विश्व स्तर पर महामारी के कारण वर्ष 2020 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.2 प्रतिशत की गिरावट होगी। [1] यह वर्ष 1870 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट है। मार्च 2020 में स्टाक मार्केट में जो बड़ी गिरावट आई उसमें अरबों की वित्तीय परिसंपत्तिया नष्ट हुईं। ऐसा लग रहा था जैसे इस संकट में सब एक साथ हैं।

पर धीरे–धीरे यह स्पष्ट हुआ कि धनी व निर्धन पर इस संकट का बहुत अलग असर है। चूंकि विश्व में अधिक आर्थिक–सामाजिक असमानताएं मौजूद थीं, अतः जनसंख्या के विभिन्न तबकों पर इस संकट का असमान असर आर्थिक व स्वास्थ्य के स्तर पर हुआ। अपनी सामाजिक–आर्थिक स्थिति के स्तर पर विभिन्न तबके बहुत अलग ढंग से इस संकट का सामना कर सके। धनी व निर्धन तबकों पर बहुत अलग असर हुआ। विषमता पहले से और बढ़ गई। इस कारण इस स्वास्थ्य संकट को 'विषमता की महामारी' भी कहा गया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के महानिदेशक एनतोनियो गुतेरैस ने कहा है [3] (प्रेस ब्लाक उद्धरण) "कोविड–19 महामारी ने बढ़ती विषमताओं को रेखांकित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे यह मिथक टूट गया है कि सब एक ही नाव में बैठे हैं। चाहे सब एक ही समुद्र पर हैं, पर कुछ शानदार जहाज में सुरक्षित हैं जबकि कुछ बहते मलबे से चिपक कर अपने को बचा रहे हैं।" (प्रेस! ब्लाक उद्धरण)

भारत ने महामारी का सामना करने के लिए विश्व के अनेक देशों की अपेक्षा आरंभ में ही लाकडाऊन घोषित किया व यह अन्य देशों की अपेक्षा अधिक कड़ा लाकडाऊन था। [4] इसके लागू होने से अर्थव्यवस्था पंगु हो गई व बेरोजगारी, भूख, प्रवासी मजदूरों के अचानक गांव लौटने व अत्यधिक कठिनाईयों की स्थिति उत्पन्न हुई। इस संकट के अधिक विकट दुष्परिणामों से धनी–संपन्न लोगों ने तो अपने को बचा लिया। जो अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति के कर्मचारी घर से अपना काम भली–भांति कर सकते थे वे ऐसा करने लगे। किन्तु भारत के अधिकांश लोगों के लिए आजीविका का संकट उत्पन्न हुआ। महामारी के दौरान जिस दिन भारत के अरबपति मुकेश अंबानी विश्व के चौथे सबसे धनी व्यक्ति बने, उसी दिन आजीविका नष्ट होने के कारण एक किसान राकेश रजक व उसकी तीन बेटियों ने आत्म–हत्या की।[5] महामारी के दौरान अंबानी ने एक घंटे में जितनी आय अर्जित की, उसे प्राप्त करने में एक अकुशल मजदूर को 10000 (दस हजार) वर्ष लगेंगे। जो आय अंबानी ने एक सेंकड में प्राप्त की उसे अर्जित करने में एक अकुशल

मजदूर को तीन वर्ष का समय लगेगा।[6] महामारी से सामाजिक, आर्थिक व लिंग–आधारित विषमताएं बढ़ गई हैं।

1. कोविड–19 व संपत्ति विषमता

1.1 विश्व स्थिति

महामारी के दौरान अनेक अरबपतियों की संपत्ति में वृद्धि हुई। विश्व के सबसे धनी व्यक्तियों जेफ बेजोस व एक अन्य अरबपति एलान मस्क की संपत्ति में बहुत वृद्धि हुई। मार्च 2020 से आकलन करें तो गूगल संस्थापकों सर्गी ब्रिन व लैरी पेज तथा पूर्व माईक्रोसाफ्ट अध्यक्ष बालमर की संपत्ति में 15 अरब डालर की वृद्धि हुई। जूम के संस्थापक व अध्यक्ष एरिक युआन की संपत्ति में 2.58 अरब डालर की वृद्धि का अनुमान है।

इस समय के दौरान विश्व के अरबपतियों की संपत्ति में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई।[7] जनवरी 2020 से आकलन करें तो इस वर्ष विश्व के 500 सबसे धनी व्यक्तियों को 809 अरब डालर का लाभ हुआ[8] जबकि 10 करोड़ व्यक्ति गरीबी की रेखा के नीचे धकेले गए।[9] महामारी के दौरान विकासशील देशों में रहने वाली सबसे गरीब जनसंख्या की आय में बड़ी कमी हुई, जबकि यहां पहले ही बहुत लोग गरीबी की रेखा के बहुत नजदीक हैं।[10]

1.2 भारत के अरबपति और धनी हो रहे हैं

लॉकडाऊन के दौरान भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यदि वर्ष 2009 से आकलन करें तो इसमें अभी तक 90 प्रतिशत की वृद्धि होते हुए यह 423 अरब डालर तक पंहुची है। इस तरह अरबपतियों की संपत्ति के संदर्भ में भारत अब संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जर्मनी, रूस व फ्रांस के बाद छठे स्थान पर पंहुच गया है। [12]

दूसरी ओर भारत के अधिकांश लोगों की आजीविका को क्षति हुई है व लगभग 25 वर्ष बाद भारत की अर्थव्यवस्था रिसेशन की स्थिति में धंस गई है।[12] महामारी के दौरान 11 सबसे बड़े अरबपतियों की संपत्ति में जो वृद्धि हुई है उससे (उतनी धनराशि से) मनरेगा स्कीम का या केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का (अभी तक का) 10 वर्षों का खर्च चल सकता है। [13]

मुकेश अंबानी विश्व के चौथे व भारत के पहले नंबर के सबसे धनी अरबपति के रूप में प्रतिष्ठित हुए व 72 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए उनकी संपत्ति 5837 अरब रुपए तक पंहुची। [14] महामारी के दौरान उन्होंने प्रति घंटे 90 करोड़ रुपए अर्जित किए जबकि इस दौर में देश के 24 प्रतिशत लोग लॉकडाऊन के समय प्रति माह 3000 रुपए से कम अर्जित कर रहे थे।[15]

भारत के सबसे धनी व्यक्ति महामारी के विकट असर से बच सके जबकि भारत के अधिकांश लोगों की कठिनाईयां बहुत बढ़ गई। अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक संगठन ने बताया कि 90 प्रतिशत लोगों का रोजगार अनौपचारिक क्षेत्र में है व इनमें से 40 करोड़ मजदूरों की गरीबी इस संकट के दौरान बढ़ सकती है। भारत में सबसे धनी व्यक्ति की संपत्ति में महामारी के दौर जो वृद्धि हुई उससे 40 करोड़ अनौपचारिक मजदूरों को गरीबी से 5 महीनों के लिए बचाया जा

सकता है।[17]

सरकार जन कल्याण पर अधिक खर्च करने में हिचकिचा रही थी, पर कारपोरेट क्षेत्र व अभिजातों को कई तरह की सबसिडी/सहायता प्राप्त होती रही। मीडिया रिपोर्टों ने बताया है कि कोविड–19 राहत पैकेज की चौथी किश्त से अनेक बड़े कारपोरेट जैसे अडानी, रिलायंस समूह, वेदान्त व अन्य को लाभ हुआ।[18] लघु व मध्यम उद्यमों के लिए ब्याज–मुक्त कर्ज के प्रावधान से ही उन्हें 3 लाख करोड़ रुपए के लाभ का अनुमान है, जो कि निर्धन वर्ग को दी गई राशि (जन धन, प्रधान मंत्री किसान योजना, वृद्धों, विधवाओं व विकलांगता प्रभावित व्यक्तियों, निर्माण मजदूरों को किए ट्रांसफर) से दस गुणा अधिक है।[19]

क्रैडिट विद्या द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार यदि 60000 रुपए प्रति माह से अधिक आय वाले वर्ग का आकलन किया जाए तो महामारी से पहले वाले समय की आय से तुलना में इस वर्ग में 10 प्रतिशत आय की कमी हुई, जबकि 20000 रुपए प्रति माह आय से कम के वर्ग का आकलन किया जाए तो महामारी से पूर्व के समय की तुलना में उसे 37 प्रतिशत की हानि हुई।[20]

84 प्रतिशत परिवारों को अप्रैल (2020) के महीने में आय की कमी हुई।[21] अप्रैल (2020) में प्रति घंटे 170000 की दर से लोगों के रोजगार छिनते रहे। [22] मार्च से जुलाई 2020 के बीच 167 व्यक्तियों ने रोजगार खोने व आय की कमी से उत्पन्न भूख व अभाव के कारण आत्म–हत्या कर ली।[23]

1.3 कर–नीति

कोविड–19 के हमले से पहले ही भारत का सकल घरेलू उत्पाद कठिन दौर में था। वर्ष 2017–18 में संवृद्धि दर 7 प्रतिशत थी। वर्ष 2018–19 में यह 6.1 प्रतिशत पर सिमट गई और वर्ष 2019–20 में और भी कम होकर 4.2 प्रतिशत पर।[24] यह मुख्य रूप से विमुद्रीकरण व जीएसटी के क्रियान्वयन के कारण हुआ, जिससे नकदी पर चलने वाला अनौपचारिक क्षेत्र व छोटे उद्यम बुरी तरह प्रभावित हुए।[25] कोविड–19 से यह स्थिति और बिगड़ गई, सकल घरेलू उत्पादन की संवृद्धि दर और कम हो गई तथा इसका देश की राजस्व प्राप्ति पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यह अनुमानित है कि नौमीनल सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2020–21 में वर्ष 2019–20 जितना ही रहेगा।[26] महामारी के कारण जो वित्तीय आवश्यकताएं उत्पन्न हुई हैं उनकी पूर्ति पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। देश के कुल रेवेन्यु का 73 प्रतिशत हिस्सा करों के रूप में प्राप्त होता है।[27] अप्रत्यक्ष करों (कस्टम ड्यूटी व जीएसटी) का हिस्सा वर्ष 2014–15 (वास्तविक) में 44 प्रतिशत था जबकि वर्ष 2018–19 (बजट अनुमान) में यह बढ़कर 47 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2019–20 (बजट अनुमान) में यह 46 प्रतिशत है।[28] इससे पता चलता है कि इस समय भी अप्रत्यक्ष करों पर भारी निर्भरता बनी हुई है।

वर्ष 2020–21 वित्तीय वर्ष के लिए कुल कर रेवेन्यू प्राप्ति का लक्ष्य 16.35 लाख करोड़ रुपए था। अभी तक अपेक्षाकृत कम भाग ही प्राप्त हुआ है। सितंबर 2020 तक बजट–अनुमान का

50 प्रतिशत खर्च हो चुका था जबकि कुल प्राप्ति का एक तिहाई ही प्राप्त हुआ था।[29] यदि कर – जीडीपी का अनुपात बढ़ाने के लिए जीएसटी पर निर्भरता बढ़ाई जाती है तो देश में असमानता और बढ़ेगी क्योंकि जीएसटी एक अप्रत्यक्ष कर है व यह गरीब व अमीर पर एक ही दर से लगता है।[30] इस कमी को दूर करने के लिए जीएसटी की धनी व निर्धन वर्ग के लिए अलग दर हो सकती है, या आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी पूरी तरह हटाया जा सकता है।[31] इसके साथ प्रत्यक्ष करों की दरें बढ़ाने पर अधिक जोर दिया जाना चाहिए। आय कर व कारपोरेट कर प्रत्यक्ष कर हैं जिनके माध्यम से अधिक धनी करदाताओं से अधिक कर प्राप्त किए जा सकते हैं।

भारतीय रेवेन्यू सर्विस (राजस्व सेवा) की एसोसिएशन ने एक नीति पत्र तैयार किया था जिसका शीर्षक है, "कोविड–19 का रिस्पांस व राजस्व विकल्प'। संक्षेप में इसे 'फोर्स' दस्तावेज कहा गया है। इसमें सलाह दी गई है कि जिनकी आय एक वर्ष में एक करोड़ रुपए से अधिक है, उन पर आय कर की दर 40 प्रतिशत तक बढ़ा देनी चाहिए। इसमें कहा गया है कि संपत्ति कर की वापसी करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपए से अधिक की कर देय आय पर केवल एक बार 4 प्रतिशत का विशेष कोविड–19 उपकर (सेस) लगाना चाहिए। इस नीति–पत्र के अनुसार इन उपायों को अपनाकर लाक–डाऊन के बाद अर्थव्यवस्था को ऊपर उठाया जा सकता था, उसे गति दी जा सकती थी।[32] यदि इस तरह कर–राजस्व को बढ़ाया जाए तो जनसाधारण के उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी लगाने से बचा जा सकेगा व निर्धन वर्ग पर अधिक बोझ डालने से बचा जा सकेगा। एक अनुमान के अनुसार यदि देश के सबसे धनी 954 परिवारों पर 4 प्रतिशत कर लगा दिया जाए तो सकल घरेलू उत्पाद के 1 प्रतिशत के बराबर धनराशि प्राप्त की जा सकती है।[33] भारतीय सरकार ने कोविड–19 के संकट से उभरने का जो आत्म–निर्भरता पैकेज घोषित किया, उसका प्रत्यक्ष बजट असर लगभग 2 लाख करोड़ रुपए के आसपास ही है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 1 प्रतिशत ही है।[34] यह महामारी के बहुत व्यापक व अधिक प्रतिकूल असर को दूर करने के लिए अपर्याप्त है। साथ में यह भी स्पष्ट है कि महामारी से प्रतिकूल प्रभावित मध्यम वर्ग से कर प्राप्त बढ़ाने के स्थान पर सरकार को सबसे धनी करदाताओं पर कोविड–19 सरचार्ज लगाना चाहिए था और इसका उपयोग जन–कल्याण पैकेज के लिए करना चाहिए था।

बैस्ट प्रेक्टिस – धनी वर्ग पर अधिक कर

महामारी के दौरान अनेक देशों ने सबसे धनी व्यक्तियों पर अधिक दर के कर लगाए हैं। पेरू ने सबसे धनी व्यक्तियों पर अल्प–कालीन विशेष टेक्स इस संकट में निर्धन वर्ग की सहायता की दृष्टि से लगाया।[35] अर्जेन्टीना की संसद ने ऐसे अल्प–कालीन संपत्ति टैक्स का कानून पास किया जिसके द्वारा 10,000 सबसे धनी नागरिकों से महामारी द्वारा प्रतिकूल प्रभावित परिवारों के लिए 3 अरब डालर एकत्र किए गए।[36 धनी वर्ग पर विशेष कर स्पेन [37] से रूस [37] तक बहुत अलग तरह की स्थितियों के देशों में लगाया गया।

2. कोविड–19 का असमानताओं पर असर

हमारी सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था में जाति, वर्ग, लिंग, धर्म व क्षेत्र के आधार पर अनेक असमानताएं पहले से मौजूद हैं। जो पक्ष कमजोर हैं, उन्हें महामारी के दौर में अधिक प्रतिकूल असर सहने पड़े। इस स्थिति में निर्धन वर्ग, हाशिए पर धकेले गए समूहों को व महिलाओं को महामारी के दौर में अधिक कठिनाईयां सहनी पड़ीं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका आदि विभिन्न संदर्भों में यह विकट स्थिति देखी गई।

2.1 शिक्षा के अवसर

महामारी के प्रसार को रोकने के लिए विश्व स्तर पर सरकारों ने शिक्षा संस्थानों को कुछ न कुछ समय के लिए बंद किया। स्कूल बंद रहने की चरम स्थिति के समय 190 देशों में 1.6 अरब छात्र इससे प्रभावित थे, जबकि 2 करोड़ 40 लाख छात्रों पर स्कूल छोड़ने की मजबूरी का खतरा मंडरा रहा था।[39]

भारतीय सरकार ने मार्च 16, 2020 को राष्ट्रीय स्तर पर सभी शिक्षा संस्थानों के लिए लॉकडाऊन घोषित किया।[40] अक्टूबर के अंत तक शिक्षा संस्थानों के बंद होने से प्रभावित छात्रों की संख्या 32 करोड़ थी।[41] इनमें से 70 प्रतिशत सरकारी स्कूलों में थे।[42] स्कूलों के बंद होने से आनलाईन शिक्षा क्लासों में पढ़ने की मजबूरी का छात्रों पर गंभीर असर पड़ा, विशेषकर निर्धन परिवारों व हाशिए पर रह रहे सामाजिक समूहों के छात्रों पर प्रतिकूल असर पड़ा। इस स्थिति में आर्थिक स्थिति पर आधारित असमानताएं व लिंग आधारित असमानताएं पहले से और बढ़ सकती हैं व शिक्षा व्यवस्था अधिक विषम बन सकती है।[43]

2.1.1 स्कूल छूटने का अधिक खतरा

शिक्षा में अल्प–कालीन व्यवधान आने से शिक्षा स्थाई तौर पर छूट जाने का खतरा बढ़ जाता है। जहां अभिजात परिवारों के छात्र महामारी के अधिक विकट असर से सुरक्षित रह सकें, अनेक निर्धन व सीमान्त परिवारों के बच्चे फिर स्कूल नहीं जा पाएंगे। आक्सफैम इंडिया ने पांच राज्यों में सर्वेक्षण किया जिससे पता चला कि सरकारी स्कूलों के लगभग 40 प्रतिशत अध्यापक आशंकित हैं कि अधिक समय तक स्कूल बंद रहने से संभवतः एक–तिहाई छात्र स्कूल में लौट कर नहीं आएंगे।[44]

छात्रों के स्कूल छोड़ने का सही प्रतिशत तो तभी पता चलेगा जब स्कूल फिर खुलेंगे। विशेषज्ञ कहते हैं कि स्कूल से बाहर रहने की दर एक वर्ष में दोगुनी हो सकती है।[45] सबसे कम संपत्ति वाले परिवारों में यह संभावना सबसे अधिक है।[46] प्रायः जो सामाजिक स्तर पर सबसे उपेक्षित हैं वही सबसे गरीब भी हैं। अधिक छात्रों के स्कूल छोड़ने की संभावना दलित, आदिवासी व मुस्लिम समुदायों में अधिक हैं। इनमें से अनेक बच्चे बाल मजदूरी व बाल विवाह में भी फंस सकते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने भारतीय सरकार को बच्चों की बाल मजदूरी में धकेले जाने से रक्षा करने के लिए आग्रह किया है।[47]

बालिकाओं के लिए स्कूल छूटने का खतरा अधिक होने के साथ बाल–विवाह व हिंसा का खतरा भी अधिक है। किशोर आयु की लड़कियों (जिनमें से 75 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जन

जाति श्रेणी से थी) का सर्वेक्षण प्रैक्सिस ने किया तो उनमें से 52 प्रतिशत ने कहा कि तकनीकी सुविधाओं के अभाव व घरेलू कलह या हिंसा के कारण उनके अध्ययन के समय में कमी आई है।[48]

2.1.2 स्कूलों ने केवल शिक्षा के मुख्य स्रोत की ही भूमिका नहीं निभाई है, अपितु वे कुछ अन्य समाज कल्याण की स्कीमों का स्रोत या स्थान भी रहे हैं। स्कूलों के बंद रहने से इन स्कीमों के लाभ छात्रों तक पंहुचने में बहुत व्यवधान आया। लगभग 60 लाख उच्चतर स्कूली शिक्षा के छात्र (जो अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी से है) केन्द्रीय सरकार से 100 से 75 प्रतिशत की छात्रवृत्ति प्राप्त करते रहे थे, पर इस संकट के दौरान इसमें बहुत बाधा आई। कुछ राज्यों में यह छात्रवृत्ति नहीं मिली और कुछ में यह कम मिली[49], हालांकि वर्ष के अंत में केन्द्रीय सरकार ने इस संदर्भ में नए आश्वासन की घोषणा की।

12 लाख स्कूलों में 12 करोड़ छात्रों तक मिड–डे मील स्कीम का भोजन पंहुचता रहा है।[50] स्कूलों के बंद हो जाने से यह स्कीम भी बुरी तरह बाधित हुई। लगभग 78 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के बच्चे व 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति के छात्र ऐसे स्कूलों में पढ़ते हैं जहां मिड–डे मील मिलता है व इससे उनके पोषण में योगदान मिलता है। इस कारण कुपोषण बढ़ने की संभावना उत्पन्न हुई, विशेषकर अनुसूचित जाति व जनजाति जैसे कमजोर वर्ग के बच्चों में। आक्सफैम इंडिया के सर्वेक्षण से पता चला कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस स्कीम को जारी रखने के निर्देश के बावजूद 35 प्रतिशत बच्चों को मिड–डे मील नहीं मिले। शेष 65 प्रतिशत बच्चों में से मात्र 8 प्रतिशत को पका हुआ भोजन मिला, 53 प्रतिशत को मिड–डे मील के बदले सूखा राशन मिला व 4 प्रतिशत को मिड–डे मील के बदले कुछ धन–राशि प्राप्त हुई।[51]

2.1.3 बढ़ती डिजिटल दूरी

विश्व के अनेक अन्य देशों की तरह भारत ने अपने स्कूल कोविड दौर में बंद कर दिए व आनलाईन तथा डिस्टैंस शिक्षा के कई तौर–तरीकों से कुछ हद तक शिक्षा जारी रखने का प्रयास किया। सरकार ने इसके लिए ऑनलाईन पोर्टल, खुली शिक्षा संसाधनों के राष्ट्रीय संग्रह, स्वयम, ई–पाठशाला, रेडियो व टीवी के शिक्षा कार्यक्रमों आदि से सहयोग किया।

इन प्रयासों का उद्देश्य अच्छा है, पर डिजिटल दूरी की हकीकत के कारण समाज के निर्धन वर्ग तक शिक्षा पंहुचाने में इस माध्यम की क्षमता बहुत सीमित हैं। महामारी के आरंभ होने के समय केवल 4 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों के पास कंप्यूटर था व केवल 15 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को इंटरनेट कनेक्शन उपलब्ध था।[52] सरकार के अधिकांश डिस्टैंस शिक्षण प्रयास डीटीएच (डायरेक्ट टु होम) टीवी के माध्यम से किए गए जबकि मात्र 5.25 परिवारों को डीटीएच ग्राहकी उपलब्ध है।[53] कम या गैर–तकनीकी प्रयासों पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया।

यदि देश के 20 प्रतिशत सबसे निर्धन परिवारों की स्थिति देखें तो उनमें से मात्र 2.7 प्रतिशत परिवारों के पास एक कंप्यूटर है व मात्र 8.9 प्रतिशत के पास इंटरनेट सुविधा है। यदि उन अनुसूचित जाति/जनजाति परिवारों को देखें जिनके बच्चे स्कूल में हैं तो उनमें से 96

प्रतिशत के पास कंप्यूटर नहीं है। [54] ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 15.5 प्रतिशत महिलाएं कंप्यूटर का उपयोग कर सकती हैं या इंटरनेट का।[55] लाकडाऊन के दौरान इस स्थिति में कुछ बदलाव संभवतः आया होगा, पर मूल स्थिति तो वहीं है। ए.एस.ई.आर. के एक सर्वेक्षण के अनुसार लाकडाऊन के दौरान 11 प्रतिशत अभिभावकों ने फोन खरीदा ताकि उनके बच्चों की शिक्षा जारी रह सके। फिर भी सर्वेक्षण के एक तिहाई बच्चे ही आनलाईन शिक्षा प्राप्त कर सके।

निर्धन परिवारों में कठिनाई केवल तकनीकी की पंहुच तक सीमित नहीं थी, अपितु निजी जगह की भी समस्या है। भारत में औसत परिवार की सदस्य संख्या 4.45 है[56] जबकि देश की 59.6 प्रतिशत जनसंख्या के पास रहने के लिए मात्र एक कमरा (या इससे भी कम) उपलब्ध है। इस स्थिति में घर पर शिक्षा प्राप्त करना सरल या सुविधाजनक नहीं है।

आनलाईन की ओर बड़ी छलांग में कुछ जोखिम भी है। वर्ष 2018 में 37 प्रतिशत भारतीय अभिभावकों को शिकायत थी कि उनके बच्चे बुलिंग के शिकार बने। भारतीय बाल रक्षा कोष ने लॉकडाऊन की घोषणा के बाद बाल अश्लीलता के आनलाईन प्रचलन में 95 प्रतिशत वृद्धि पाई।[59] कम शिक्षित परिवार इन नए जोखिमों का सामना करने में कम सक्षम हैं।[59]

धनी व निर्धन में विभाजन रेखा

देश भर से ऐसे समाचार मिल रहे हैं कि स्मार्टफोन या इंटरनेट कनेक्शन न होने के कारण छात्र अपनी ऑनलाईन कक्षा से वंचित रहे। पंजाब की दो लड़कियों पर रिपोर्ट से वास्तविक स्थिति स्पष्ट होती है।[60] एक धनी क्षेत्र के रहने वाली छात्रा के घर में वाई–फाई है और उसे आनलाईन कक्षा का अनुभव शानदार लगा जबकि दूसरी छात्रा डेढ़ महीने में मात्र 11 कक्षाओं में ही भाग ले सकी। वह अपने स्मार्टफोन के 4 जी सिग्नल पर निर्भर थी जो घर की छत पर ही भली–भांति प्राप्त होना था अतः गर्मी के दिनों पर भी वह छत पर पढ़ने के लिए मजबूर थी। पर यहां भी वह कई बार अपनी क्लास के लिए लॉग आन नहीं कर सकती थी। वीडियो आनलाईन देखना एक समस्या थी तो डाऊनलोड करना भी समस्या थी। बिजली भी मात्र कुछ घंटे के लिए ही उपलब्ध होती थी व फोन में चार्ज रखना भी एक तनाव की वजह बन गई थी। एक त्रासद समाचार केरल से मिला कि एक दिहाड़ी मजदूर की किशोर आयु की बेटी ने इस कारण आत्महत्या कर ली क्योंकि उसका परिवार स्मार्टफोन या टीवी खरीदने में असमर्थ था। [61]

2.1.4 शिक्षा को व्यक्तिगत करने का बोझ

जब सरकारी स्कूल बंद हो गए तो बच्चों की शिक्षा जारी रखने की जिम्मेदारी पूरी तरह व्यक्तिगत स्तर पर परिवारों पर पड़ गई व जो परिवार अच्छी आर्थिक स्थिति के थे व शिक्षित थे वहां स्थिति बेहतर हो गई। ए एस ई आर 2020 के सर्वेक्षण के अनुसार जिन परिवारों में अभिभावक दसवीं कक्षा या उससे अधिक शिक्षित थे, उनमें शिक्षा के लिए स्मार्टफोन की उपलब्धि व परिवार की सहायता दो गुना बढ़ जाती है। दूसरी ओर निर्धन परिवारों के बच्चे व तकनीकी सुविधा से वंचित बच्चे शिक्षा से भी वंचित हो जाते हैं।

उधर जब रोजगार में लगी महिलाओं पर बच्चों की घर पर शिक्षा में योगदान में सहयोग

की नई जिम्मेदारी आई, क्रेच व कार्यस्थल की नर्सरी भी बंद हो गए तो उनका कार्य–बोझ बढ़ गया और विभिन्न कार्य एक साथ कैसे हों यह समस्या उत्पन्न हुई।[62]

दूसरी ओर अभिजात वर्ग में आनलाईन शिक्षा का स्वागत हुआ है। निजी व्यवसाय द्वारा भी आनलाईन शिक्षा प्रदान करने के क्षेत्र में बहुत वृद्धि हुई है। ऑनलाईन शिक्षा ऐप जैसे बायजू व अनेकडमी का बहुत प्रसार हुआ है। बायजू की बाजार कीमत 10.8 अरब डालर आंकी गई है जबकि अनेकडमी की कीमत 1.45 अरब डालर आंकी गई है।[63] पर इनकी पहुंच शहरी साधन संपन्न ग्राहकों तक है व मूलतः यह मुनाफे के आधार पर संचालित है।

बेस्ट प्रेक्टिस

जिस समय स्थिति बहुत कठिन थी, कुछ प्रयासों ने नई उम्मीद दी व अनेक बच्चों तक स्कूल बंद होने की स्थिति में भी शिक्षा पंहुचाई। यह स्थानीय प्रयास तकनीक उपलब्धि पर निर्भर नहीं थे व समानता बढ़ाने वाले थे।

छत्तीसगढ़ में कम संक्रमण के क्षेत्रों में मोहल्ला कक्षाएं आरंभ की गईं। सामुदायिक स्थानों पर छात्रों के छोटे समूहों के लिए छोटी कक्षाएं तैयार की गई। सप्ताह में दो बार लगभग दो घंटे प्रत्येक कक्षा में पढ़ाना आरंभ किया। शिक्षा मंत्रालय ने इस प्रयास को बेस्ट प्रेक्टिस के रूप में मान्यता दी है।[64] छत्तीसगढ़ राज्य की कोविड–19 के दौरान शिक्षा पर तैयार की गई रिपोर्ट में मिड–डे मील को बच्चों के घर में पहुंचाने की सफलता के बारे में भी बताया गया है।[64] आक्सफेम के एक अध्ययन ने बताया कि 90 प्रतिशत बच्चों को मिड–डे मील का अपना अधिकार इस बदले हुए रूप में स्कूल बंद होने की स्थिति में भी प्राप्त हो सका।[65]

विभिन्न राज्यों ने अपेक्षाकृत अधिक आयु वर्ग के बच्चों के लिए स्कूल खोलने आरंभ किए हैं, पर निचली कक्षाओं को नए सिरे से आरंभ करने को प्राथमिकता देने की जरूरत है ताकि सबसे सीमान्त बच्चे, विशेषकर वे जो व्यक्तिगत स्तर पर शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते हैं, वे अध्यापक व सहपाठियों की उपस्थिति में व उनके साथ शिक्षा प्राप्त कर सकें तथा साथ में उन्हें मिड–डे मील, निशुल्क यूनिफार्म व पाठ्य पुस्तकों का लाभ भी मिल सके। अनेक देशों जैसे फ्रांस, यूके, जर्मनी, आयरलैंड व इटली ने दैनिक जीवन के अनेक पक्षों पर बंधन लगाते हुए भी स्कूलों को खुले रखने को प्राथमिकता दी है।[66]

2.1.5 निजी स्कूल

आक्सफैम इंडिया के एक सर्वेक्षण[67] से पता चला कि लॉकडाऊन के दौरान लगभग आधे अभिभावक अपनी आय का 20 प्रतिशत हिस्सा से अधिक शिक्षा पर व्यय कर रहे थे। 39 प्रतिशत अभिभावकों ने स्कूलों के बंद होने व फीस न बढ़ाने के सरकारी निर्देश के बावजूद बढ़ी हुई फीस देने के लिए कहे जाने की शिकायत की। 15 प्रतिशत अभिभावकों को स्कूल बंद होने के बावजूद स्कूल की यूनिफार्म के पैसे देने के लिए कहा गया। वर्ष 2018 की तुलना में वर्ष 2020 में (सभी कक्षाओं में, छात्रों–छात्राओं दोनों में) परिवारों के आर्थिक संकट के बीच निजी से सरकारी स्कूलों में शिफ्ट करने की प्रवृत्ति देखी गई।

बेस्ट प्रैक्टिस : निजी स्कूलों का नियमन

- जहां निजी स्कूलों ने मनमाने ढंग से फीस बढ़ाकर महामारी के दौरान भी अभिभावकों का शोषण किया, वहां ऐसे अच्छे उदाहरण भी सामने आए जिनसे निजी स्कूलों के बेहतर नियमन की उम्मीद प्राप्त होती हे। अनेक राज्यों ने फीस वृद्धि पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए।[68] असम सरकार ने अभिभावकों को राहत देने के लिए फीस में 25 प्रतिशत कटौती के निर्देश जारी किए।[69] छत्तीसगढ में फीस नियमन का कानून ही पास कर दिया जिससे दीर्घकालीन स्तर पर भी स्कूलों के नियमन में सहायता मिलेगी।[70] इसमें शोषण व शिक्षा से वंचित करने से अभिभावकों व बच्चों की रक्षा के लिए फीस नियंत्रण के साथ अन्य उपायों की भी व्यवस्था है।

2.2 स्वास्थ्य में विषमताएं

यदि अभी तक कोविड–19 की चपेट में आए सभी व्यक्तियों की एक साथ गणना की जाए तो कोविड मरीजों के मामले में यह रिपोर्ट लिखे जाने के समय भारत दूसरे नंबर पर है। विश्व स्तर पर निर्धन, सीमान्त व कमजोर समुदायों में कोविड–19 की दर अधिक है। भारत में ऐसे विभिन्न समुदायों के लिए अलग से आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

फिर भी इतना तो स्पष्ट हो चुका है कि निर्धन समुदायों में यह रोग तेजी से फैला, विशेषकर उन में जो अधिक तंग व सघन आवासों में अपर्याप्त स्वच्छता व जल उपलब्धि की स्थिति में रहने को मजबूर हैं। मुम्बई की कुछ स्लम बस्तियों में इस रोग के तेज प्रसार ने हाशिए के समुदायों के अधिक प्रभावित होने की संभावना को रेखांकित किया। मुंबई की स्लम बस्तियों में कोविड–19 की दर बहुत अधिक रही है।[71] अनौपचारिक रोजगारों में लगे मजदूर व प्रवासी मजदूर प्रायः स्लम बस्तियों में अधिक रहते हैं। चेन्नई में भी यही सामने आया कि अधिक अभाव के स्थान कोविड से अधिक प्रभावित हुए।[72] चौधरी व पी. राव ने लिखा है कि स्लम प्रायः बाढ़ सहने वाले क्षेत्र, कचरा फैंके जाने के स्थानों और अन्य खतरनाक महौल की स्थितियों में बसे होते हैं। जल सुविधाएं यहां बहुत अपर्याप्त होती हैं। कभी–कभी एक छोटे कमरे में 10 व्यक्ति तक रहते हैं व 10 से 100 व्यक्तियों के लिए एक ही शौचालय उपलब्ध होता है। सैनिटेशन सावधानियों, सामाजिक दूरी व कई बार हाथ धोने की सावधानियों को पूरा कर पाना इस स्थिति में बहुत कठिन है।[73] शहरी क्षेत्रों में 32 प्रतिशत परिवार एक कमरे में रहते हैं व 30 प्रतिशत परिवार 2 कमरों के आवास में रहते हैं।[74]

जहां अभिजातों को घर में टिके रहने में कठिनाई नहीं थी, कई तरह की कठिनाईयों व जल, सैनीटेशन व खाना पकाने के ईंधन में कमी के कारण अनेक निर्धन परिवारों के लिए यह कठिन था।[75] सबसे निर्धन 20 प्रतिशत लोगों का ही आकलन करें तो उनमें से मात्र 6 प्रतिशत लोगों को अपने लिए अलग से उचित सैनिटेशन उपलब्ध थी, जबकि ऊपर के 20 प्रतिशत परिवारों का आकलन करें तो 93.4 प्रतिशत परिवारों को यह उपलब्ध थां[76] अनुसूचित जाति परिवारों में 37.2 प्रतिशत परिवारों को व अनुसूचित जनजाति परिवारों में 25.9 प्रतिशत को समुचित सैनिटेशन सुविधा उपलब्ध है, जबकि सामान्य आबादी में यह उपलब्धि 65.7 प्रतिशत

है।[77] निर्धन व सीमान्त समुदायों को महामारी का प्रकोप अधिक सहना पड़ा, जबकि धनी वर्ग सुरक्षित व्यवस्था कर सके।

अधिकांश भारतीय राज्य[78] अपने नागरिकों को घर में ही रह कर गुजारा करने व सामाजिक दूरी का पालन करने के लिए जरूरी सहयोग देने में असमर्थ रहे। सामाजिक दूरी के संदर्भ में चंडीगढ़, केरल, मेघालय, नागालैंड, पांडीचेरी, त्रिपुरा व उत्तराखंड को अधिक सफलता मिली। इस संदर्भ में मध्यम स्तर की सफलता आंध्र प्रदेश, गोआ, असम, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, ओड़िशा, पंजाब, तमिलनाडु व तेलंगाना को प्राप्त हुई। दूसरी ओर बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, जम्मू–कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल में केवल निम्न स्तर की सफलता ही प्राप्त हो सकी। स्थितियां ऐसी हैं कि विभिन्न राज्यों में यह भिन्नता काफी देर तक बनी रहेंगी। जहां अधिक भीड़ है, जनसंख्या की अधिक सघनता है व सामाजिक आर्थिक अभाव है वहां संक्रमण की अधिक दर होगी।

बैस्ट प्रैक्टिस – सरकारी सक्रियता

मुम्बई विश्व में सबसे अधिक सघनता वाला शहर है। यहां धारावी स्लम की सघनता मुम्बई की सामान्य सघनता से 1.3 गुना अधिक है। इस स्लम की सघनता 277,136 प्रति वर्ग किमी. है। कोरोना वायरस का पहला केस मिलने के तीन दिन पश्चात् ही मुम्बई नगर निगम द्वारा एक क्लिनिक स्थापित किया गया। इसके अतिरिक्त 2450 सरकारी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की तैनाती की गई, सभी सार्वजनिक स्थानों को नियमित सैनीटाइज किया गया, सार्वजनिक शौचालयों का सैनीटाइजेशन किया गया, सामुदायिक क्वारंटीन केन्द्र स्थापित किए गए। ट्रेसिंग–ट्रैकिंग–टैस्टिंग–ट्रीटमैंट की प्रक्रियाओं का सावधानी से पालन किया गया। आरंभ में घर–घर जाकर स्क्रीनिंग की गई और बाद में टेस्टिंग व स्क्रीनिंग के सार्वजनिक क्लिनिक स्थापित किए गए। टेस्टिंग के अभाव में आक्सीमीटर पर दर्ज आक्सीजन सैचुरेशन को नापा गया। नवंबर 14, 2020 को धारावी में केवल 28 सक्रिय केस पाए गए।[79]

धरावी के उदाहरण से पता चलता है कि सक्रिय सरकारी कार्यवाही से सघन आबादी के क्षेत्रों में भी संक्रमण का प्रसार रोका व नियंत्रित किया जा सकता है।

2.2.1 महामारी के अनुभव से रेखांकित हुआ है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की निरंतर उपेक्षा के, विशेषकर निर्धन वर्ग के लिए, बहुत चिंताजनक परिणाम होते हैं। यदि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था कमजोर है, यदि उसके लिए पर्याप्त बजट व्यवस्था नहीं है, तो वे महामारी के प्रसार को रोकने में असरदार नहीं होंगे, व सभी जरूरतमंदों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान नहीं कर सकेंगे। यदि कुल सरकारी खर्च में स्वास्थ्य पर हुए खर्च के हिस्से को देखें, तो भारत में यह विश्व में सबसे नीचे के स्थानों में चौथे नंबर पर है (यानि केवल तीन देशों में यह भारत से कम है)।[80] इसका परिणाम यह है कि भारत में एक कमजोर और स्वास्थ्यकर्मियों के अभाव वाली व्यवस्था है जहां लोग स्वास्थ्य के कुल खर्च के 58.7 प्रतिशत का भार स्वयं वहन करने को मजबूर हैं।[81] यदि मात्र कुछ आधारभूत स्वास्थ्य सेवाओं की ही बात करें तो इस तक भी मात्र आधी जनसंख्या की ही पंहुच है।[82] उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि जिन देशों में

व्यक्तिगत स्तर पर स्वास्थ्य के अधिक खर्च का भार वहन करना पड़ता है, वहां महामारी के दौरान अधिक मृत्यु का खतरा होता है।[83]

पर्याप्त निवेश न होने का परिणाम यह नजर आया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोविड–19 के दौर में अपनी जिम्मेदारियों को भली–भांति निभा नहीं पाए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के एक अध्ययन से पता चला है कि 57 प्रतिशत में हवा की आवाजाही या वेंटीलेशन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, 75.5 प्रतिशत में वायु जनित संक्रमण के नियंत्रण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी व 50 प्रतिशत में एन–95 मास्क उपलब्ध नहीं थे। इन कारणों से प्रायः कोविड–19 के दौर में मरीजों की सुरक्षा व संक्रमण नियंत्रण की समुचित व्यवस्था में कठिनाई आई।[84] इसका अधिक प्रतिकूल असर फिर निर्धन वर्ग को ही झेलना पड़ा। दूसरी ओर धनी वर्ग की पहुंच निजी अस्पतालों में उपलब्ध अधिक व्यक्तिगत देख–रेख तक थी।

2.2.2 गैर–कोविड स्वास्थ्य सेवाओं का सीमान्त समुदायों व महिलाओं पर अधिक प्रतिकूल असर

कोविड–19 के दौर में सीमित स्वास्थ्य सेवा संसाधनों का अधिक उपयोग कोविड–19 में होने लगा जबकि यातायात सुविधाएं अस्त–व्यस्त स्थिति में रहीं। एक अध्ययन[85] से पता चला कि मार्च–मई 2020 के बीच मृत्यु–दर में बहुत वृद्धि हुई व लॉक डाऊन लगने के बाद के चार महीनों में कहीं अधिक मृत्यु नजर आई। निर्धन व अनुसूचित जाति के मरीजों की देख–रेख में सबसे अधिक व्यवधान हुआ, जिसका असर संभवतः अतिरिक्त मृत्यु के रूप में भी हुआ। महिलाओं के इलाज पर वैसे भी कम ध्यान देने के कारण इस स्थिति में उन्हें भी अधिक प्रतिकूल असर झेलना पड़ा।

गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य देख–रेख प्राप्त करने में बहुत कठिनाई हुई क्योंकि डाक्टरों के क्लिनिक, अस्पतालों के ओपीडी विभाग व आंगनवाड़ी केन्द्र बंद थे।[86] यह अनुमानित है कि परिवार नियोजन सेवाओं के बंद होने के कारण 29.5 लाख अनचाहे गर्भधारण होंगे, 844,403 जन्म होंगे, 18 लाख गर्भ गिराए जाएंगे (जिनमें से 10 लाख असुरक्षित स्थितियों में गिराए जाएंगे) व 2,165 मातृ मृत्यु होंगी।[87] उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों जैसे लखनऊ, मुरादाबाद व आगरा में सी–सैक्शन डिलीवरी में दो–तिहाई की कमी हुई।[88] महिलाओं में यह अधिक प्रवृत्ति नजर आई कि डाक्टर की सहायता से घर पर ही डिलीवरी हो जाए। लेकिन इसमें भी वर्ग–बंधन है क्योंकि केवल धनी ही व्यक्तिगत डाक्टर व ऑनलाईन परामर्श का खर्च उठा सकते हैं। निर्धन वर्ग की गर्भवती महिलाओं को प्रायः देख–रेख नहीं मिल सकी क्योंकि अधिकांश सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को कोविड–19 टेस्टिंग स्थानों व अस्पतालों में बदल दिया गया था।[89] अप्रैल 2020 में दस लाख कम बच्चों को टीकाकरण मिल सका। इन स्थितियों का आगामी पीढ़ी पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।[90]

शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक प्रतिकूल असर पड़ा। इसकी वजह यह थी कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को बंद कर दिया गया व उनके स्टाफ को ग्रामीण क्षेत्रों में कोविड–19 से जुड़े कार्यों में लगाया गया, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले ही कमजोर स्वास्थ्य सेवाएं व कम स्वास्थ्यकर्मी थे। ग्रामीण क्षेत्रों में 31 प्रतिशत जनसंख्या

उप–केन्द्रों व सरकारी अस्पतालों पर निर्भर है व 26 प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर निर्भर हैं।[91] एक ओर ग्रामीण, निर्धन व कमजोर लोगों के लिए गैर–कोविड स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज हेतु बहुत कम विकल्प बचे जबकि धनी वर्ग की पहुंच निजी स्वास्थ्य सेवा व ऑनलाईन परामर्श तक थी। जो स्वास्थ्य सेवाओं तक पंहुच सके उन्होंने पाया कि इलाज के खर्च, दवाओ की कीमत व अन्य अप्रत्यक्ष खर्च बहुत बढ़ गए थे जबकि आपूर्ति कम हो गई थी।[92] इसका परिणाम यह हुआ कि उन पर स्वास्थ्य सेवा के खर्च का बोझ बहुत बढ़ गया। दूसरी ओर यदि भारत के सबसे धनी 11 अरबपतियों से महामारी के दौरान उनकी संपत्ति वृद्धि का। प्रतिशत भी प्राप्त किया जाए तो कमजोर व निर्धन वर्ग को सस्ती दवा उपलब्ध करवाने वाली जन औषधि स्कीम के लिए बजट आंवटन को 140 गुणा तक बढ़ाया जा सकता है।[93]

महामारी के दौरान गुनाफाखोरी

राह में फंसे एक प्रवासी मजदूर को अपने बच्चे के लिए मिरगी की दवा की बहुत जरूरत थी। पर इस दवा की आपूर्ति कम हो गई थी व इसकी कीमत तेजी से बढ़ा दी गई थी। इसकी 10 गोलियों का पत्ता 450 रुपए तक बिकता है पर अप्रैल 2020 में इसकी कीमत 3500 रुपए तक पंहुच गई थी।[94] एक कैंसर के मरीज का रोजगार छूट गया तो उसने दवा लेनी बंद कर दी।[95]

2.3 निजी स्वास्थ्य सेवा–पंहुच से बाहर व कभी गायब भी

अनेक स्थानों पर सरकारी अस्पतालों पर बहुत केस आने से बोझ बहुत बढ़ गया। राज्य सरकारों ने निजी अस्पतालों को कुछ बेड कोविड–19 मरीजों के लिए आरक्षित करने को कहा। यह स्थिति विभिन्न राज्यों में अलग–अलग रही।

कुछ मामलों में निजी अस्पतालों ने हिचकते हुए धीरे–धीरे ही रिस्पांड किया। बिहार में स्वास्थ्य के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ने इस बारे में चिंता प्रकट की कि निजी क्षेत्र ने अपनी सेवाएं देना लगभग रोक ही दिया। उन्होंने कहा यह इस स्थिति में बहुत हानि हो सकती है जबकि राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र में 22000 अस्पताल बेड हैं व निजी क्षेत्र में 48000 है व लगभग 90 प्रतिशत ओपीडी निजी क्षेत्र में है।[96]

इस नई स्थिति में अनेक निजी क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों ने मुनाफाखारी भी की। स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की दर को कई गुना बढ़ा दिया, जिससे मध्यमवर्गीय परिवारों की भी उन तक पहुंच दुर्गम हो गई। उदाहरण के लिए, दिल्ली में मैक्स हैल्दकेयर ने वेंटीलेटर सहित आईसीयू की कीमत प्रतिदिन 72,500 रुपए रख दी, जबकि इसमें परामर्श फीस, दवा व अन्य उत्पादों का खर्च अलग से जुड़ना था। इस स्थिति में सरकार ने कोविड टेस्ट और इलाज की कीमत को नियंत्रित किया।

निजी अस्पतालों पर ऐसे नियंत्रण लगने के बावजूद यहां का इलाज निर्धन व बीमा वंचित परिवारों के लिए पंहुच से बाहर रहा। यदि अब अधिक निर्धनता में रहने वाले 13 करोड़ व्यक्तियों की मासिक आय को देखें तो किसी कोविड मरीज के निजी अस्पताल में इलाज का खर्च इस मासिक आय से 24 गुना हो सकता है।[97]

भारतीय सरकार ने कोविड–19 के इलाज को जनसाधारण के लिए सुलभ कराने हेतु इसे आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया। किन्तु यह स्कीम केवल गरीबी की रेखा से नीचे की जनसंख्या के लिए है जबकि बीमा–वंचित निर्धन व मध्य वर्ग इसके दायरे से बाहर हैं। इसके लाभार्थियों की सूची सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना पर आधारित है व पुरानी पड़ गई है। अतः अनेक जरूरतमंद व्यक्ति आयुष्मान के अंतर्गत कोविड–19 का इलाज प्राप्त नहीं कर सके। कोविड–19 पर संसदीय समिति ने स्कीम के दायरे से अनेक जरूरतमंदों के बाहर रह जाने व उनके लिए इलाज की आर्थिक कठिनाई के बारे में चिंता प्रकट की।[98] आयुष्मान के अंतर्गत निःशुल्क टेस्टिंग व इलाज की जो व्यवस्था है उसके बारे में 66 प्रतिशत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों व 79 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को जानकारी उपलब्ध नहीं थी। अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जन जातियों में से मात्र 14 प्रतिशत इस स्कीम के अंतर्गत रजिस्टर्ड हैं, और इस तरह बहुत से जरूरतमंद इसके लाभ से वंचित हैं। वैसे भी बीमा स्कीमों का दायरा सीमित होता है, वे अस्पताल में भर्ती का खर्च तो कवर करती हैं, पर दीर्घकालीन ओपीडी, दवा व परामर्श का खर्च मरीज को स्वयं देना पड़ता है। अतः केवल बीमा स्कीम पर निर्भर होना उचित नहीं है व अच्छी गुणवत्ता का इलाज सब को उपलब्ध होना चाहिए।

जब मध्यम वर्ग व निर्धन वर्ग के लिए अस्पताल में भर्ती होना एक संघर्ष की तरह था, धनी व अभिजात तत्त्व कोविड के लक्षण ने होने पर भी आई.सी.यू. बैड 'बुक' कर रहे थे। जिन मरीजों को केवल घर पर क्वांरटाईन की जरूरत थी, उन्होंने भी आई.सी.यू. बैड बुक करवाए जिससे वास्तव में जरूरतमंद मरीजों के लिए अवश्यक इलाज की कमी हुई। इस स्थिति पर महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यवाही भी की व निर्देश दिए कि कोविड के लक्षण न होने पर उन्हें आई.सी.यू. की सुविधा न दी जाए।

इस स्थिति से यह संभावना उत्पन्न होती है कि वैक्सीन आपूर्ति के समय भी सबसे निर्धन व जरूरतमंद व्यक्तियों को शायद उचित प्राथमिकता न मिल पाए।

बैस्ट प्रैक्टिस – निजी स्वास्थ्य सस्थानों में कोविड टेस्टिंग व इलाज के खर्च का नियमन

कोविड–19 संबंधी स्वास्थ्य सुविधाओं को लोगों की पहुंच के भीतर रखने के लिए सरकार ने इनकी दर को नियंत्रित किया। भारत के 10 से अधिक राज्यों (उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड व अन्य) ने निजी अस्पतालों में कोविड के इलाज के रेट को नियंत्रित किया। यदि इस तरह के दीर्घकालीन नियंत्रण की व्यवस्था भी होती है तो कोविड–19 के अतिरिक्त अन्य संदर्भों में भी इलाज की अधिक वसूली पर रोक लग सकेगी। इस तरह इलाज पर अधिक खर्च से जो बहुत से लोग प्रतिवर्ष गरीबी की रेखा के नीचे धकेले जाते है, इस स्थिति से बचा जा सकेगा।

2.3 आजीविका पर असमान असर

महामारी का आर्थिक असर औपचारिक व अनौपचारिक दोनों क्षेत्रों में रोजगार छिनने व

आय कम होने के रूप में प्रकट हुआ। जनवरी 2020 में श्रम भागेदारी दर 43 प्रतिशत थी पर अप्रैल में यह अपने निम्नतम स्तर 35 प्रतिशत पर लुढ़क गई। मार्च 2020 से बेरोजगारी की दर तेजी से बढ़ी।[100] कम आय वर्ग के परिवारों के लिए आय की कमी सबसे कष्टदायक रही क्योंकि उनके पास प्रायः अन्य विकल्प नहीं हैं व सामाजिक सुरक्षा भी नहीं है। इस कम आय वर्ग के परिवारों में से 46 प्रतिशत परिवारों ने जरूरी खर्च चलाने के लिए कर्ज लिया।[102] इस तरह लॉकडाऊन के बाद भी उनकी कठिनाईयां जारी रहीं। यह चिंता प्रकट की गई है कि इसका अधिक दीर्घकालीन असर हो सकता है।

2.3.1 अनौपचारिक मजदूरों की सबसे अधिक क्षति

महामारी का भारत के अनौपचारिक मजदूरों और छोटे व्यवसायों पर बहुत विकट असर हुआ। कुल 12.2 करोड़ रोजगारों की क्षति हुई, जिनमें से 9.2 करोड़ यानि 75 प्रतिशत अनौपचारिक क्षेत्र में थे।[103] यह मजदूर छोटे व्यवसायों व अस्थाई मजदूरी में लगे हैं व उनके लिए जोखिम बहुत अधिक है।[104] अनौपचारिक मजदूरों के लिए अपने घर से कार्य करने की संभावनाएं कम हैं व औपचारिक क्षेत्र की अपेक्षा उनमें रोजगार अधिक छिने हैं। औपचारिक क्षेत्र में भी 189 लाख रोजगार की क्षति हुई जिनमें से जून में 39 लाख रोजगार पुनः प्राप्त हो गए व जुलाई 2020 में फिर 50 लाख रोजगार छिन गए।[105] व्हाइट कलर या लिखा–पढ़ी के रोजगार घर से भी संभव थे अतः इनकी क्षति अपेक्षाकृत कम हुई, पर एक बार छिनने पर इन्हें पुनः प्राप्त करना अधिक कठिन होता है। वेतनभोगी कर्मचारियों में अधिक आय वाले प्रोफेशन एनेलिस्ट में रोजगार क्षति बहुत बड़े स्तर पर मई–अगस्त 2020 के दौरान हुई। अनेक कंपनियों में रोजगार छिनने, वेतन कम होने व वेतन बिना अवकाश के मामले बहुत बढ़ गए।[106]

2.3.2 प्रवासी मजदूरों के कष्ट

लॉक डाऊन, बेरोजगारी व कम आय के कारण अनौपचारिक क्षेत्र के बहुत से प्रवासी मजदूरों को अपने गांवों के मूल आवासों में लौटना पड़ा। भारत में लगभग 4 से 5 करोड़ मौसमी प्रवासी मजदूर हैं जो निर्माण स्थलों, फैक्ट्रियों व अनेक सेवा क्षेत्रों में कार्यरत हैं।[107] स्वैन (स्ट्रैंडिड वर्कस एक्शन नेटवर्क) की अप्रैल 2020 में तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार ऐसे सर्वेक्षित 50 प्रतिशत मजदूरों के पास एक दिन का राशन भी उपल्ब्ध नहीं था, जबकि 96 प्रतिशत ने कोई राशन प्राप्त नहीं किया था, 70 प्रतिशत ने सरकार से पका खाना प्राप्त नहीं किया था व 78 प्रतिशत के पास जमा राशि 300 रुपए से कम थी।[108]

आरंभ में यातायात व्यवस्था बंद थी और उनमें से अनेक को कई सौ मील पैदल चलना पड़ा। 300 प्रवासी मजदूरों की लॉकआऊट के कारण मृत्यु हो गई। इसके लिए भूख, आत्म–हत्या, थकान, दुर्घटना, पुलिस हिंसा व समय पर चिकित्सा न मिलने जैसी स्थितियों की जिम्मेदारी थी।[109] उन्हें मारपीट व अनेक कठिनाईयां सहनी पड़ी जिसने बड़ी मानवीय त्रासदी का रूप ले लिया।[110] राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने अप्रैल 2020 तक ही मानवाधिकार उल्लंघन के 2582 मामलों को रिकार्ड कर लिया था। जबकि विदेशों में फंसे भारतीयों के लिए विशेष वायुयान उड़ानों व होटलों में क्वारंटीन की व्यवस्था की गई, प्रवासी मजदूरों को बहुत कम सुविधाएं

मिली। मई 2020 में उनके लिए कुछ यातायात सुविधाएं जैसे विशेष बसों व विशेष श्रमिक ट्रेनों की व्यवस्था की गई। किन्तु कुछ समय पहले से गांवों में आय अर्जन अवसर न मिलने के कारण प्रवासी मजदूरों ने शहरों की और लौटना आरंभ किया है। कुछ को रोजगार प्राप्त हो गया है व कुछ अभी रोजगार खोज रहे हैं।[111]

2.3.3 महिलाओं को अधिक सहना पड़ा

यह अनुमानित है कि रोजगार छिनने का अधिक बोझ महिलाओं पर पड़ेगा क्योंकि महिला मजदूर अनौपचारिक क्षेत्र में अधिक हैं व बहुत केन्द्र में नहीं है।[112] अप्रैल 2020 में 170 लाख महिलाओं ने रोजगार खोया। लाक डाऊन से पहले महिलाओं में बेरोजगारी 18 प्रतिशत थी, जो बाद में 15 प्रतिशत बढ़ गई। इस वजह से भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में 8 प्रतिशत या 218 अरब डालर की गिरावट हो सकती है।[113] जिन महिलाओं का लॉक डाऊन के दौरान रोजगार छूटा, पुरुषों की तुलना में उनकी फिर से रोजगार प्राप्त करने की संभावना 23.5 प्रतिशत कम है।[114]

सामाजिक अध्ययन न्यास संस्थान के एक सर्वेक्षण [115] से पता चला कि जिन महिलाओं का रोजगार बच गया, उनमें से भी 83 प्रतिशत की आय में महत्त्वपूर्ण कमी आई। सर्वेक्षण में 66 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि पहले से अधिक बिना भुगतान वाला देख–रेख का कार्य उन्हें करना पड़ा। महामारी के दौरान महिलाओं का कार्य बोझ बढ़ गया[116] क्योंकि भुगतान की दर कम होने से कार्य अधिक करना पड़ता है जबकि बच्चों के घर में पढ़ने से उनकी शिक्षा में सहयोग, घर में देख–रेख का कार्य भी अधिक करना पड़ता है।

कोविड–19 ने घरेलू हिंसा भी बढ़ाई

अनिश्चय, आर्थिक कठिनाई व आपात स्थिति जैसी उलझनों के दौर में प्रायः महिलाओं को हिंसा का बढ़ता खतरा भी सहना पड़ता है और इस महामारी के दौरान भी यही हुआ। इस कारण घरेलू हिंसा के मामलों में वृद्धि हुई। राष्ट्रीय महिला आयोग को अनेक (एक दशक में सबसे अधिक) महिलाओं से मार्च 21 व मई 31 के बीच घरेलू हिंसा की 1477 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसकी वजह से आयोग ने महिलाओं के लिए विशेष व्हाट्सएप हेल्प लाईन आरंभ की।[117] मई 2020 से केस बढ़ गए। जून 2020 से प्रतिमाह कम से कम 450 केस दर्ज होते रहे (जुलाई में 660)।[118] वर्ष 2019 में जहां घरेलू हिंसा के 2960 केस दर्ज हुए, वहां वर्ष 2020 में नवंबर 30 तक ही 4687 केस दर्ज हो चुके थे (58 प्रतिशत की वृद्धि)।[119] अधिकतम केस उत्तर प्रदेश में रहे (1576), उसके बाद दिल्ली (906) व बिहार (265)।

आशा कार्यकर्ताओं की स्थिति

कोविड–19 के दौरान अग्रिम पंक्ति की स्वास्थ्य कार्यकर्ता 'आशा' के कार्य का बोझ बहुत बढ़ गया, जबकि इसके लिए पारिश्रमिक बहुत कम दिया गया – कोविड–19 कार्यों के लिए मात्र 1000 रुपए।[120] अनुमानित है कि यदि भारत के 11 प्रमुख अरबपतियों की संपत्ति पर मात्र एक प्रतिशत कर लगाया जाए तो इस धनराशि से सरकार नौ लाख आशा कार्यकर्ताओं का औसत

वेतन 5 वर्ष तक दे सकती है।[121]

बेस्ट प्रैक्टिस – आजीविका सृजन

झारखंड राज्य आजीविका प्रोत्साहन सोसाइटी से जुड़े महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों ने औषिध पौधों के उपयोग से हैंड–सैनीटाईजर बनाए हैं।[122] छत्तीसगढ़ में महिला स्वयं सहायता समूहों ने मास्क व सैनीटाईजर बनाने के कार्य को बहुत आगे बढ़ाया – मात्र एक ही दिन में 87,544 मास्क बनाए।[123]

2.4 मजदूर कानूनों में ढील

दस राज्यों ने ऐसे अध्यादेश व नियम जारी किए है जिनसे मौजूदा मजदूर कानूनों व उनके क्रियान्वयन में ढील/कमजोरी आ जाएगी। राष्ट्रीय मजदूर कानूनों, विशेषकर फैक्ट्रीज एक्ट 1948, इंडस्ट्रियल डिसप्यूट्स एक्ट 1947, व श्रम कानूनों (कुछ प्रतिष्ठानों द्वारा रिटर्न दाखिल करने व रजिस्टर मेनटेन करने से छूट) एक्ट 1988 में ऐसे बदलाव निवेश व संवृद्धि बढ़ाने के नाम पर किए गए।

श्रम कानूनों में इन बदलावों से अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर संगठन के स्थापित मानकों का उल्लंघन होता है। इस कारण अनेक जन–हित याचिकाएं भी दायर हुई हैं। उदाहरण के लिए, कार्य के घंटों को आठ से बढ़ा कर 12 घंटे करना। जनहित याचिका के कारण अंत में उत्तर प्रदेश सरकार को 12 घंटे की शिफ्ट हटानी पड़ी। पर कुछ अन्य राज्यों ने छः दिन के सप्ताह के लिए 12 घंटे प्रतिदिन की शिफ्ट जारी रखी है, जबकि विश्व स्तर का मानक सप्ताह में 48 घंटे के कार्य का है।

